# आदर्श विद्या मंदिर के छात्र ने पैरा ओलंपिक में जीता स्वर्ण पदक



बस्सी. कस्बा स्थित श्री बलराम उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में वंदना सभा में विद्यालय के पूर्व छात्र भैया अर्जुन लाल चौधरी पुत्र सीताराम चौधरी निवासी दामोदरपुरा और कोच रमन गुर्जर मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भैया अर्जुन ने नेशनल पैरा जैवलियन थ्रो बैंगलुरु में आयोजित प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय एवं बस्सी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला व्यवस्थापक रामदयाल सेन एवं बालिका विद्यालय की प्रधानाचार्य मनीषा सारस्वत द्वारा भैया का शाल एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। छात्र ने विशेषकर विद्यालय के शारीरिक शिक्षक मक्खन लाल भार्गव एवं प्रधानाचार्य लालचंद शर्मा का आभार व्यक्त किया है। प्रधानाचार्य ने खेलों के महत्व बताया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक राधा मोहन पारीक, सुरेंद्र सिंह अचलपुरा, वरिष्ठ अध्यापक रामधन बैरवा, वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक मक्खन लाल भार्गव, सीताराम सैनी, पवन प्रजापत, पवन शर्मा, हंसराज शर्मा, अशोक प्रजापत, छाजू लाल मीणा, रूप कंवर, मुकेश कुमार मीना, राम खिलाड़ी गुर्जर आदि आचार्य उपस्थित रहे।